DAILY NEWS BULLETIN

LEADING HEALTH, POPULATION AND FAMILY WELFARE STORIES OF THE Day

Wednesday **20260826**

.

Fertility hospital in Rajasthan faces action over 'blue foetus' ad

Mohammed Iqbal
JAIPUR

The depiction of a blue-coloured foetus in a newspaper advertisement prompted health authorities in Rajasthan to take action against a fertility hospital on Tuesday for allegedly promoting sex selection before birth.

Govt. issues warning

The State government also warned against the practice, which is prohibited by law.

Blue is commonly associated with male children in advertising, retail marketing and cultural conventions.

Principal Medical and Health Secretary Gayatri Rathore said the hospital, Neelkanth Fertility and Women's Care Hospital, also known as Neelkanth IVF

The colour blue is commonly associated with male children in advertising, retail marketing and cultural conventions

Centre, had published an advertisement for an IVF, fertility and test-tube baby centre depicting a foetus in blue. "As blue colour is associated with a male child, the department viewed this as a *prima facie* indication of promoting sex selection services," Ms. Rathore said.

The State government suspended nine registration certificates covering assisted reproductive technology (ART) clinics, ART banks and surrogacy clinics operated by Neelkanth Hospital with immediate effect until further orders.

The official added that action had been initiated under the Assisted Reproductive Technology (Regulation) Act, 2021. Three of the centres are in Jaipur, two in Jodhpur and one each in Bhilwara, Udaipur, Kota and Ajmer.

Ban on ART procedures

"There is a complete statutory ban on any form of sex selection and sex-selective ART procedures. The State government will ensure strict compliance with the legal provisions by all institutions involved in ART and surrogacy," she said.

Founded in 2003, the hospital states on its website that it has treated over 25,000 couples and describes its fertility care as "ethical, advanced, and patient-focused". The hospital did not respond to *The Hindu*'s queries.

ble for selection of news under the PRP Act).

@ieExplained
#ExpressExplained
If there are questions of current or contemporary relevance that you would like explained, please write to explained@indianexpress.com

CORPORATE

What the $1.5-bn TCS-Porsche deal says about Indian IT sector's health

George Mathew
Mumbai, August 25

AS THE Artificial Intelligence (AI) boom sends tech stock valuations soaring, most leading brokerages have taken a contrary view of India's IT sector and its readiness to tap into the AI opportunity window. Over the past months though, IT companies based in India, home to the world's largest pool of software engineers, have mounted a small fightback, largely through the inorganic acquisition or foreign partnership route. Does it mean Indian IT companies have suddenly returned to a boom cycle?

What is the latest such deal?

A move by India's largest IT company, Tata Consultancy Services (TCS), to strike a strategic partnership with German sports car maker Porsche AG to offer AI services across its mobility value chain is the latest such deal. TCS will establish a dedicated AI Mobility Centre of Excellence for Porsche to drive innovation across manufacturing, engineering, operations and customer experience. The idea that TCS will "industrialise AI at scale" for Porsche is a reputational boost for the software maker.

Over the last 24 months, other major Indian IT firms, including Wipro, HCL Tech and Infosys, have also signed high-profile deals in the West.

THE DEALS

- Over the past 24 months, major Indian IT companies have signed high-profile deals in the West.
- While TCS's deal with Porsche AG is worth €1.25 billion (around $1.5 bn), Infosys has a £1.2-bn (around $1.5 bn) deal with NHS Business Services.
- Wipro has a deal with the Olam Group worth around $1 bn, while HCL Tech has signed a $1.14-bn contract with an unnamed European company.

What do these deals indicate?

The deals by the four leading tech companies are important, but the headline numbers need to be read carefully. They do not mean Indian IT companies have suddenly returned to a boom cycle. They indicate that even while discretionary technology spending is weak and AI is disrupting traditional outsourcing, large global companies are still willing to make big, long-duration bets on Indian IT providers.

Indian IT companies have been dealing with cautious client spending, delayed discretionary projects, high interest rates and, increasingly, uncertainty over what generative AI means for traditional application-development and outsourcing work, according to analysts.

The bottom line is that clients are cutting or scrutinising ordinary IT spending, but they are still funding large projects that promise cost reduction, automation, AI adoption and business transformation.

Will this boost revenue, profits?

The enormous contract values can be misleading. A $1.2 billion contract doesn't mean the IT company gets $1 billion of revenue immediately. For example, Infosys's £1.2 billion NHS contract is spread over 15 years. That's roughly £80 million a year on a simple average basis, before considering the actual revenue-recognition structure.

"Indian IT companies can win spectacular contracts and still report mediocre growth for several quarters. This is because after contract signing, transition, implementation, revenue recognition and margin contribution take time. And large deals often involve substantial upfront investment in hiring, training, transition, platforms and acquisitions," said an analyst.

The real question for investors is not whether Indian IT companies are winning billion-dollar contracts, but whether those wins are translating into a genuine and sustained recovery.

"For a genuine IT-sector recovery, I would want to see three things: deal wins translating into sustained revenue growth, margins improving despite AI-related pricing pressure and clients increasing discretionary technology spending rather than merely spending on cost-cutting or mandatory transformation," an analyst said.

Until these trends become visible, these billion-dollar contracts are best viewed as green shoots rather than proof that the Indian IT boom has returned.

How to shield against a viral flu surge?

A sharp uptick in swine flu (H1N1) cases this year, especially in Delhi (2,400 cases and counting), has triggered new viral worries about the seasonal flu infection because of the way it has been laying people low. For some, the virus has been debilitating, while others have recovered but relapsed. The flu shot can provide an immunity shield or take the sting out of the viral infection, explains **Pushpa Narayan**

WHAT DOES A FLU VACCINE DO?

1 Introduces immune system to antigens or killed virus particles

2 Body makes disease-fighting proteins that recognise a virus. Protection develops about two weeks after shot

3 Works best when its strains closely match flu viruses circulating in community

4 Vaccinated person can still get flu, but body can respond faster and limit viral spread, lowering risk of severe disease, pneumonia, hospital stay and death

But one isn't enough. You need the shot every year

- Because influenza A and B viruses are changing constantly
- Tiny genetic changes can alter viral surface proteins. So, antibodies from last last year's vaccine may not recognise newer virus
- Scientists monitor flu viruses worldwide to update vaccine strains for each season
- Antibody protection starts fading after 6 months. Decline greater in older adults, chronic illness patients



FLU AND FLU-LIKE: WHAT'S THE DIFFERENCE?

Most viral ailments may start with fever, cough, body ache, and flu-like symptoms. They do not always mean influenza, so one must visit the doctor

Flu: Fever, cough, sore throat, body ache, fatigue	**Other respiratory viruses:** Respiratory syncytial virus (RSV), Covid-19 can resemble flu	**Dengue:** High fever, body ache, eye pain, rash **Malaria:** Fever, chills, sweating

> Taking the flu vaccine every year gives the immune system an updated target before the next flu season. In most places in India, flu occurs throughout the year. Peaks, however, differ by climate and region, and may coincide with monsoon. Take the shot before the expected local rise

What are the vaccine types?

BY NUMBER OF STRAINS

1 **Trivalent vaccine:** Protects against two strains of influenza A, one strain of influenza B. WHO recommends this

2 **Quadrivalent vaccine:** Protects against two strains each of influenza A and B (a B strain may no longer be in circulation)

BY HOW IT'S MADE

- **Egg-based**, where virus is grown in hens' eggs; **Cell-based**, where it's grown in mammalian cells; and **Recombinant**, which uses viral genetic material to make a key surface protein, without growing whole flu virus

WHERE ONE'S TAKING IT

- **Northern Hemisphere (NH) formulation:** WHO recommends 3 strains circulating in Aug for the winter shot
- **Southern Hemisphere (SH) formulation:** WHO recommends 3 strains circulating in Feb for the annual shot (India follows this)

When to take the shot...

Jammu & Kashmir
Before winter

Kerala, Maharashtra
April-June

Delhi, West Bengal
By July

Tamil Nadu
Aug-Sept

Note: If a flu vaccine is available late, don't skip it just because ideal month has passed. Talk to doctor



And when not to...

Talk to doctor first if you had allergic reaction after previous flu shot, reaction to vaccine component, got Guillain-Barré syndrome within 6 weeks of previous flu shot, or illness on vaccination day

Source: Dr V Ramasubramanian, Infectious diseases expert, Apollo Hospitals, Chennai

There's a missing doctor between specialists and Indian patients

Complex diagnoses often get delayed because there's no coordinating doctor holding the thread

WHAT'S THE 'CAPTAIN OF THE SHIP' CONCEPT?

1. It's a doctor who oversees patient's entire healthcare journey, rather than one episode or organ
2. Maintains accurate timeline of symptoms, tests, treatments and responses

3. Connects clues from consultations different docs may see only as snapshots
4. Coordinates between specialists, helps prevent loss of important information

5. Plays a crucial role in complex, prolonged or unexplained illnesses

WHAT PATIENTS MUST DO

- **Keep health file:** With prescriptions, symptoms log, lab reports, medications
- **Anchor to a GP:** A general physician (GP) or internal medicine specialist can review reports from all specialists, refer you to right doc
- **Avoid 'resetting' story:** When seeking a second opinion, bring all prior records from specialists across domains
- **Don't withhold info:** Hiding seemingly unimportant health symptoms from doctor may often delay or hinder proper diagnosis

HOW AI CAN CUT THE CHASE

- **Second pair of eyes:** Can synthesise scattered medical histories, flag hidden patterns or inconsistencies
- **Reduce doc burden:** Assists clinical reasoning by reducing information overload. Does not replace physician's judgement

Umesh Isalkar | TNN

Two months after recovering from a viral fever, 29-year-old Ayesha began hearing whispers. Her family was told it was schizophrenia and she was prescribed antipsychotic drugs. Weeks later, when she got seizures, the diagnosis shifted to epilepsy. Over the next year, Ayesha moved between psychiatrists, neurologists and physicians in Nagpur, Hyderabad, and Mumbai. It was only after she landed in the ICU that an expanded antibody panel was ordered, confirming a rare autoimmune disorder that masquerades as psychiatric illness. By then, Ayesha had already lost her job, and much of her confidence.

Ayesha's plight shows what happens when no one owns the full narrative. India has world-class specialists, advanced technology, and the ability to deliver complex care at scale. So, the problem is not capability but continuity, says Dr Dhananjay Kelkar, medical director at Deenanath Mangeshkar Hospital, Pune. "In the West, even if a diagnosis takes time, a primary physician holds the thread. Here, it's common to see patients move between specialists without a single doctor seeing the entire clinical picture."

Crunch time diagnosis

The warning signs may be scattered and need an expert overview for the diagnosis to come together. Warning signs in complex cases — unexplained fatigue, fluctuating wellness, mood shifts, recurrent pain, blackouts — are individually common. It's their accumulation over time that demands integration. "It often happens only when a patient is in intensive care. That's when everyone bends over backward to reach a diagnosis quickly," says Dr Kelkar, who has been advocating for the "captain of the ship" concept to save patients the hassle of *hopping from doctor to doctor.*

In the US, there's often a primary care physician to coordinate referrals, says dermatologist Dr A Ahmed Razzaque, who has practised for decades in America's healthcare system. "In the UK and Europe, general physicians play that gatekeeping role. Even if a patient sees five specialists, someone puts all the data together, questioning inconsistencies, and asking: What are we missing?" India has no such mandatory structure, and Dr Razzaque believes it's owing to weak incentives for multidisciplinary discussions and limited structured case reviews. "Time is money. Collaboration is rarely built into routine practice. Add professional silos and egos to that, and communication thins," he says.

> **AI can bring together a patient's medical history scattered across hospitals and years of reports, so the physician gets more time to interpret the story**
>
> **Dr Rajeev Joshi,**
> HEALTH INFORMATICS EXPERT

In complex cases like certain cancers, the symptoms can be deceptive, points out Dr Punit Jain, hemato-oncologist and CAR-T physician at Apollo Hospitals, Navi Mumbai. "In hematological cancers, for instance, there can be persistent fatigue, unexplained fever, easy bruising or unusual swellings. In my experience, these symptoms are often treated in isolation, which can delay the bigger diagnosis. This is where a good primary physician plays a crucial role, recognising when something doesn't fit and referring the patient to the right specialist at the right time. In cancers, where every minute counts, a coordinated speciality team helps ensure diagnosis and treatment happen proactively, rather than in a crisis."

This structure is well in place at a speciality hospital but is often lacking in a standalone setup, feels Dr Rommel Tickoo, senior director, internal medicine at Max Super Speciality Hospital, Saket. "When patients hop from one standalone expert to another, the broader diagnosis can be missed till the problem aggravates. At a speciality hospital, this physician-led approach can identify problems earlier, making treatments simpler and outcomes better."

Patients need patience too

But not every delayed diagnosis reflects systemic failure. "Patterns can sometimes become visible only when someone tracks them over months," says Dr Atul Joshi, a senior physician at Sahyadri Hospital, regretting erosion of the family physician model where one doctor knew the patient's history, family background and long-term patterns.

Dr Razzaque says "doctor shopping" patients go on reflects a lack of trust in the system rather than impatience. "When patients feel no one is taking ownership, they move but crucial details get lost in transit." Repeated consultations, imaging, travel between cities and hospitalisations can also drain savings.

India's healthcare paradox is that in major cities, it's easier to find a super-specialist than a doctor responsible for long-term coordination. "Western gatekeeping models are not easily replicable in a country of 1.4 billion people. But the absence of structured continuity carries its own risks," says Indian Medical Association chairman Dr Sanjay Patil.

Can AI connect the dots?

Artificial intelligence can be a useful tool to connect data in silos to establish continuity. "AI can be a second set of eyes, analysing a patient's symptoms, reports and treatment history to flag patterns or inconsistencies that may warrant a doctor's attention," says health informatics expert Dr Rajeev Joshi. But AI should support, not replace clinical reasoning. "The real value of AI may not be in making independent diagnosis, but in reducing the information burden on doctors," he says. AI can help bring together a patient's medical history scattered across hospitals and years of reports, so that the physician gets more time to interpret the story.

98% flu cases this season down to H1N1, says ICMR

Rhythma Kaul

letters@hindustantimes.com

NEW DELHI: Swine flu accounts for 98% of influenza cases tested across the country, according to the Indian Council of Medical Research, which also believes that there is no reason for panic as no deaths have been reported from the H1N1 subtype of the influenza A virus so far. "Our surveillance network has shown about 98% of the cases that are tested are of H1N1; however, there is no need to panic as there is no shift in the seasonal flu pattern that we normally see," said Dr Rajiv Bahl, director- general, Indian Council of Medical Research (ICMR). →P10

DELHI SCHOOLS UP GUARD AMID SPIKE

Amid a rise in H1N1 and other flu cases, schools across Delhi are stepping up precautions, issuing advisories to parents and, in some cases, shifting classes online, even as the state on Tuesday said the situation was "under control". →P3

सरकारी स्कूलों से हमें ज्यादा उम्मीद

हमने शिक्षा में लंबा सफर तय किया है और अभी बहुत आगे जाना है। आजादी के बाद आबादी चार गुना हो गई है, तो स्कूलों की संख्या भी करीब दस गुना बढ़ी है। इधर, कुछ राज्यों में स्कूल सुधार के लिए प्रदर्शन हुए हैं, पर उनका हाल राज्य सरकारें भी जानती हैं। आज कैसे हैं सरकारी स्कूल और सुधार की जरूरत कहां सबसे ज्यादा है? पेश है रूपंजल चौहान और प्रज्ञा श्रीवास्तव की एक रिपोर्ट...

66%

30%

69%

- सामान्य सरकारी स्कूलों में फीस 5,000 रुपये से भी कम है।
- निजी में वार्षिक खर्च न्यूनतम 25,000 रुपये।
- देश के सबसे महंगे स्कूलों में बच्चों की पढ़ाई का वार्षिक खर्च 31 लाख रुपये तक पहुंच गया है।

केवल चार राज्यों का शिक्षा खर्च सराहनीय



अच्छे स्कूल वाले राज्यों में भी घटा नामांकन



सुधार के कदम

राजनीति : सक्रिय हो सामाजिक संगठन

संसाधन : सरकार बजट और सुविधाएं बढ़ाए

संयोजन : कुशल शिक्षकों को दी जाए जिम्मेदारी

...और निजी स्कूलों पर बढ़ रहा भरोसा

शिक्षा का बजट बढ़ाने की जरूरत

नकद धन वितरण पर लगातार बढ़ता खर्च

संसाधनों की कमी बड़ी समस्या

सुविधा और सुधार में आए तेजी

आईसीएमआर महानिदेशक ने कहा-मौजूदा स्ट्रेन नया नहीं, बरसात में इसके संक्रमण का फैलाव होना सामान्य बात

इन्फ्लुएंजा से घबराएं नहीं, दो से तीन दिन में ठीक हो रहे मरीज

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। दिल्ली समेत देश के कई हिस्सों में एच3एन2 इन्फ्लुएंजा के मामले बढ़ रहे हैं, लेकिन भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के महानिदेशक और स्वास्थ्य अनुसंधान सचिव राजीव बहल ने कहा कि घबराने की जरूरत नहीं है। 98 फीसदी मामलों में संक्रमण बेहद हल्का है जो दो-तीन दिन में खुद ब खुद ठीक हो रहा है।

उन्होंने मंगलवार को यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि मौजूदा प्रचलित इन्फ्लुएंजा स्ट्रेन नया नहीं है। बरसात में इसके संक्रमण का फैलाव होना सामान्य बात है। यह जरूर है कि इस बार यह अपेक्षाकृत तेज है। उन्होंने कहा कि अभी संक्रमण में बढ़ोतरी का रुझान है, लेकिन उम्मीद जताई कि अगले कुछ सप्ताह के दौरान यह संक्रमण चरम पर होगा तथा उसके बाद संक्रमण में गिरावट आनी शुरू हो जाएगी। हालांकि उन्होंने कहा कि इसमें कितना समय लगेगा कहना मुश्किल है।

दिल्ली में बुखार के मरीज बढ़ने से अस्पतालों में भी भीड़ बढ़ गई है। आरएमएल अस्पताल में मंगलवार को जांच के लिए पहुंचे लोग। • सोनू मेहता

स्कूलों को ये कदम उठाने की सलाह

1. श्वसन संबंधी स्वच्छता
छात्रों को खांसते-छींकते समय नाक और मुंह को ढकने व इस्तेमाल किए टिश्यू डस्टबिन में फेंकने को कहा।

2. हाथों की नियमित सफाई
नियमित हाथ धोने के लिए प्रोत्साहित करें। खासकर खाना खाने से पहले और खांसने या छींकने के बाद।

3. संक्रमण फैलाव पर रोक
लक्षण वाले व्यक्तियों से दूरी बनाए रखने और आवश्यकतानुसार मास्क का प्रयोग करें।

4. स्वस्थ दिनचर्या
पर्याप्त पानी पीने व पौष्टिक आहार लेने और सही आराम करने को स्कूलों में बढ़ावा दिया जाए।

5. चेहरे को छूने से बचाव
छात्रों और कर्मचारियों को आंख, नाक और मुंह को बार-बार छूने से बचने के लिए जागरूक किया जाए।

6. खुद से दवा न लें
बिना डॉक्टर की सलाह के एंटीबायोटिक्स या अन्य दवाइयां न लेने की सख्त हिदायत दी गई है।

सभी को टीका लगवाने की जरूरत नहीं

मौजूदा इन्फ्लुएंजा संक्रमण के खिलाफ उपयुक्त टीके बाजार में उपलब्ध हैं। लेकिन सबको टीका लगाने की जरूरत नहीं है। जो लोग ज्यादा उम्र के हों या किसी बीमारी के कारण संवेदनशील हों वे टीका लगवा सकते हैं।

घर पर ही आराम करें

उन्होंने कहा कि जिन लोगों में इन्फ्लुएंजा के लक्षण हैं, उन्हें घर पर आराम करना चाहिए ताकि बीमारी का फैलाव नहीं हो। गंभीर लक्षण होने पर ही डॉक्टरी उपचार की जरूरत है। अन्यथा अनावश्यक जांच, एंटीबायोटिक या टेमिफ्लू के सेवन की जरूरत नहीं है।

छींकने वालों से बचकर रहें

बहल ने कहा कि भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाते समय लोगों को संक्रमित लोगों से दूरी बनानी चाहिए। खांसने और छींकने वाले से बचकर रहना चाहिए, लेकिन मास्क लगाने की कोई जरूरत नहीं है। आईसीएमआर इन्फ्लुएंजा समेत सभी वायरस के फैलाव पर नजर रखे है। देशभर में 73 अस्पतालों में बनी साइटों के जरिये गंभीर बुखार से पीड़ितों के नमूनों की जांच हो रही है।

स्वाइन फ्लू के 258 नए मामले, जांच बढ़ाई जाएगी

नई दिल्ली, प्र. सं.। दिल्ली में इन्फ्लुएंजा ए और बी के विभिन्न स्ट्रेन का प्रसार तेजी से हो रहा है। राजधानी में इन्फ्लुएंजा के 325 नए मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें अकेले 258 मामले स्वाइन फ्लू (एच1एन1) के हैं।

संक्रमण को देखते हुए दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग, एमसीडी, एनडीएमसी और दिल्ली कैंट बोर्ड के अधिकारियों व डॉक्टरों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने अस्पतालों को स्वाइन फ्लू, डेंगू और मलेरिया के इलाज के लिए पर्याप्त बेड, एंटीवायरल दवाएं, जांच किट व अन्य जरूरी चिकित्सा संसाधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। दिल्ली में अब तक इन्फ्लुएंजा के कुल 3,239 स्थानीय मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें 2,308 स्वाइन फ्लू, 154 एच3एन2, 554 इन्फ्लुएंजा ए और 225 इन्फ्लुएंजा बी के मरीज हैं।

टीका महंगा, आसान नहीं सबके लिए लगवा पाना

■ राधिका सिंह

नई दिल्ली। इन्फ्लुएंजा से बचाव के लिए डॉक्टर बुजुर्गों और पुरानी बीमारियों से पीड़ित लोगों को टीका लेने की सलाह दे रहे हैं, लेकिन टीका महंगा होने के कारण हर बुजुर्ग के लिए भी उसे लगवा पाना आसान नहीं है।

इस बीच एम्स के डॉक्टरों की ओर से किए गए अध्ययन में यह बात सामने आई है कि फ्लू के जितने मामले सामने आते हैं, हकीकत में उससे कहीं अधिक लोग पीड़ित होते हैं।

इलाज पर होता है भारी भरकम खर्च : खास तौर पर बुजुर्गों को इससे गंभीर खतरा होता है। इन्फ्लुएंजा के कारण सांस की गंभीर बीमारी होने पर ओपीडी में एक बार इलाज कराने पर प्रति मरीज करीब 3640 रुपये और अस्पताल में भर्ती होने पर 26,935-2,60,243 रुपये खर्च होता है। मौजूदा समय में इसका टीका सरकारी कार्यक्रम में शामिल नहीं है। बाजार में टीके की कीमत 950-2500 रुपये है। अध्ययन में अनुमान लगाया गया है कि सरकारी केंद्रों में टीका लगाने पर प्रति व्यक्ति 172-276 रुपये तक खर्च आ सकता है।

■ बाजार में 950-2500 रुपये कीमत, सरकारी केंद्रों में उपलब्ध नहीं टीका

तैयारी : हर अस्पताल में स्वाइन फ्लू वार्ड बनेगा

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। दिल्ली सरकार अपने सभी अस्पतालों में स्वाइन फ्लू के इलाज के लिए वार्ड शुरू करेगी।

स्वास्थ्य मंत्रालय के आदेश पर दिल्ली सरकार के सबसे बड़े लोकनायक अस्पताल में मंगलवार को सात बेड का स्वाइन फ्लू वार्ड शुरू कर दिया गया। इसके अलावा 70 बेड का आपदा वार्ड भी तैयार किया गया है। वहीं, जीटीबी अस्पताल में चार बेड का स्वाइन फ्लू वार्ड शुरू किया गया है। इससे पहले डीडीयू अस्पताल में एक वार्ड में स्वाइन फ्लू के इलाज के लिए बेड आरक्षित किए गए थे।

पर्याप्त संख्या में बेड उपलब्ध होंगे : दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि सभी अस्पतालों को अधिकृत बेड शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं, जिनमें पर्याप्त संख्या में बेड हो। उन्होंने कहा कि सभी अस्पतालों में आपदा वार्ड होता है। जरूरत पड़ने पर स्वाइन फ्लू के इलाज में आपदा वार्ड का भी इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली में घबराने जैसी स्थिति बिल्कुल भी नहीं है। तेज बुखार के साथ अस्पतालों में आने वाले मरीज दो-तीन दिन में ठीक हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में अलग से फीवर क्लीनिक चलाने की जरूरत नहीं है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर और डिस्पेंसरियों में भी बुखार, खांसी, जुकाम, दर्द इत्यादि इन्फ्लुएंजा के लक्षण से पीड़ित मरीज देखे जा रहे हैं, उनकी स्थिति पर चिकित्सक लगातार नजर रख रहे हैं।

दिल्ली के एलएनजेपी अस्पताल में बना स्वाइन फ्लू का अलग वार्ड। • हि

दिल्ली के साथ एनसीआर में पांव पसार रहा वायरस

शहर	स्वाइन फ्लू के मामले
दिल्ली	2,308
फरीदाबाद	6
गुरुग्राम	0
गाजियाबाद	7
नोएडा	120

- फरीदाबाद के बीके अस्पताल में छह बेड का आइसोलेशन वार्ड बना।
- नोएडा के जिला अस्पताल में 76 बेड स्वाइन फ्लू के मरीजों के लिए आरक्षित किए गए हैं।

➤ ठीक हो रहे मरीज P03

प्रमुख

जागरूकता और फागिंग तेज करने के निर्देश

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली: स्वास्थ्य मंत्री डा. पंकज सिंह ने मंगलवार को मौसमी इन्फ्लूएंजा, स्वाइन फ्लू और वेक्टर जनित बीमारियों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने एमसीडी, एनडीएमसी और दिल्ली कैंटोनमेंट बोर्ड को जागरूकता अभियान तेज करने के साथ स्कूलों, अस्पतालों और अन्य सार्वजनिक स्थानों के आसपास एंटी-लार्वा अभियान, छिड़काव

डा. पंकज सिंह

और फागिंग बढ़ाने के निर्देश दिए। मच्छरों के प्रजनन स्रोतों को खत्म करने पर भी जोर दिया।

उन्होंने कहा कि तैयारियां केवल रिपोर्ट और आंकड़ों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि उनका असर जमीन पर दिखना चाहिए। परिवहन विभाग, एमसीडी, एनडीएमसी, दिल्ली कैंटोनमेंट और डीएमआरसी के साथ समन्वय कर सार्वजनिक जागरूकता अभियान चलाने को कहा गया। स्वास्थ्य मंत्री ने सभी संबंधित एजेंसियों से जागरूकता शिविर और आइईसी गतिविधियों का ब्योरा लेकर समयबद्ध कार्रवाई रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग को देने के निर्देश दिए।

2900 स्कूलों में चलेगा स्वाइन फ्लू से बचाव को लेकर जागरूकता अभियान

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली: मौसमी इन्फ्लूएंजा और स्वाइन फ्लू (एच1एन1) से बचाव को लेकर शिक्षा निदेशालय ने दिल्ली के सभी एक हजार सरकारी स्कूल, 214 सहायता प्राप्त स्कूल और करीब 1700 निजी स्कूलों को विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए हैं। स्कूलों में विद्यार्थियों और कर्मचारियों को संक्रमण से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करने के साथ ही स्वच्छता और श्वसन संबंधी सावधानियों को अपने रोजाना के व्यवहार का हिस्सा बनाने पर जोर दिया गया है।

निदेशालय ने विद्यार्थियों को खांसते या छींकते समय नाक और मुंह ढकने, इस्तेमाल किए गए टिश्यू को सही जगह पर डालने और नियमित रूप से साबुन-पानी से हाथ धोने के लिए प्रेरित किया जाएगा। निदेशालय ने दिल्ली राज्य स्वास्थ्य मिशन की स्वास्थ्य सलाह का हवाला देते हुए बताया कि गले में खराश, खांसी, सांस लेने में परेशानी, शरीर में दर्द, सिरदर्द, थकान, ठंड लगना और बुखार मौसमी इन्फ्लूएंजा या एच1एन1 से जुड़े लक्षण हो सकते हैं। इससे घबराने की जरूरत नहीं है, लेकिन समय रहते जागरूकता और बचाव के उपाय अपनाना जरूरी है। वहीं बचाव के लिए निदेशालय ने विद्यार्थियों को पर्याप्त पानी पीने, पौष्टिक भोजन लेने, पर्याप्त आराम करने और व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने के लिए कहा है। आंख, नाक और मुंह को बार-बार छूने से बचने व बिना चिकित्सकीय सलाह के एंटीबायोटिक या अन्य दवाएं नहीं लेने की स्पष्ट सलाह दी गई है।

नोएडा में स्कूलों ने बीमार बच्चों को घर पर रहने की दी सलाह



जागरण संवाददाता, नोएडा: जिले में स्वाइन फ्लू व डेंगू के बढ़ते मामलों को देखते हुए जिले के स्कूलों ने संक्रमण से बचाव के लिए सतर्कता बढ़ा दी है। स्कूल प्रबंधकों की ओर से अभिभावकों को स्वास्थ्य संबंधी एडवाइजरी जारी कर बच्चों की सेहत पर विशेष ध्यान देने की अपील की गई है।

कुछ स्कूलों ने स्पष्ट किया है कि सर्दी, खांसी, बुखार या फ्लू जैसे लक्षण दिखाई देने पर बच्चों को स्कूल न भेजें। स्वस्थ होने के बाद ही उन्हें कक्षा में भेजने की सलाह दी गई है। स्कूल प्रबंधन ने अभिभावकों से कहा है कि बीमारी के शुरुआती लक्षण दिखने पर बच्चों को पर्याप्त आराम दें और जरूरत पड़ने पर चिकित्सकीय सलाह लें। केवल नियमित उपस्थिति बनाए रखने के लिए बीमार बच्चे को स्कूल भेजने से संक्रमण अन्य विद्यार्थियों तक फैलने का खतरा बढ़ सकता है।

जमा पानी की हो रही नियमित जांच: डेंगू को देखते हुए स्कूल परिसरों में मच्छरों के प्रजनन वाले स्थानों की निगरानी बढ़ाई गई है। कूलर, गमले, छत और अन्य स्थानों पर जमा होने वाले पानी की नियमित जांच की जा रही है। प्रबंधन का कहना है कि बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को उपस्थिति से अधिक प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

स्कूलों में साफ-सफाई पर जोर: निदेशालय ने श्वसन संबंधी लक्षण वाले लोगों से उचित दूरी बनाने, जरूरत महसूस होने पर मास्क का इस्तेमाल करने,कक्षाओं, सार्वजनिक स्थानों और बार-बार छुई जाने वाली सतहों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने के साथ पर्याप्त हवा के आवागमन की व्यवस्था करने को कहा गया है। विद्यार्थियों और कर्मचारियों को स्कूल परिसर या सार्वजनिक स्थानों पर नहीं थूकने के लिए भी जागरूक किया जाएगा।

सुबह की सभा में दी जाए जानकारी: स्कूलों को इन सावधानियों की जानकारी सुबह की सभा, कक्षा में बातचीत से, सूचना पट्ट, अभिभावकों को भेजे जाने वाले संदेश और स्कूल के डिजिटल माध्यमों से देने को कहा है। जिला और क्षेत्रीय शिक्षा अधिकारियों को इन निर्देशों के पालन की निगरानी करनी होगी। स्कूलों से मिली जानकारी की समेकित रिपोर्ट 31 अगस्त तक शिक्षा निदेशालय को भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

दिल्ली जागरण

दिल्ली में अब तक स्वाइन फ्लू के 2308 मरीज मिले, सीएम ने अधिकारियों के साथ की बैठक

सीएम बोलीं, मरीज को बेड नहीं दिया तो होगी सख्त कार्रवाई

- डाक्टर की सलाह के बिना एंटीबायोटिक दवाएं नहीं लेने की दी गई है सलाह
- नोएडा में 120 मरीजों में संक्रमण की हुई पुष्टि, गाजियाबाद में नौ व फरीदाबाद में चार मरीज मिले

जागरण संवाददाता, नई दिल्लीः एनसीआर में स्वाइन फ्लू (एच1एन1) तेजी से बढ़ रहा है। अकेले राजधानी दिल्ली में ही 2308 मरीजों की पुष्टि हो चुकी है। जबकि अन्य वैरिएंट के 650 मामलों की वजह से इन्फ्लूएंजा संक्रमण का आंकड़ा 3000 पार कर गया है। पड़ोसी जिले नोएडा में भी 120 मरीजों की पुष्टि अभी तक हो चुकी है। गाजियाबाद में नौ और फरीदाबाद में चार मरीजों की पुष्टि हो चुकी है। सरकार ने दिल्ली में संक्रमण का फैलाव रोकने के लिए स्कूलों को दिशा-निर्देश जारी कर जागरूकता बढ़ाने के लिए कहा है। साथ ही मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में दिल्ली की तैयारियों की समीक्षा बैठक में सरकार ने स्थिति को देखते हुए बेड, डाक्टर, स्टाफ और दवाओं की उपलब्धता को पर्याप्त एवं नियंत्रण में बताया है। साथ ही चेतावनी दी है कि अगर किसी अस्पताल ने मरीज को बेड देने से इन्कार किया तो इसकी शिकायत पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। दिल्ली सरकार की ओर से दावा किया गया है कि राज्य में स्वाइन फ्लू के एक्टिव केस में से कोई भी गंभीर स्थिति में नहीं है।

सीएम रेखा गुप्ता

दिल्ली के प्रमुख अस्पतालों में उपचार और निगरानीः दिल्ली के सफदरजंग, आरएमएल समेत प्रमुख सरकारी अस्पतालों में स्वाइन फ्लू और फ्लू जैसे लक्षण वाले मरीजों के लिए उपचार और निगरानी की व्यवस्था की गई है। छह अगस्त तक दिल्ली में स्वाइन फ्लू के करीब 1386 मामले सामने आ चुके थे। इसके बाद संक्रमण की रफ्तार और बढ़ी।

20 अगस्त को एक ही दिन में इन्फ्लूएंजा के 159 नए मामले मिले, जिनमें 114 स्वाइन फ्लू के थे। अस्पतालों में भर्ती मरीजों में अधिकांश उपचार के बाद डिस्चार्ज किए जा चुके हैं। बैठक में इन्फ्लूएंजा लाइक इलनेस (आइएलआइ), सीवियर एक्यूट रेस्पिरेटरी इन्फेक्शन (एसएआरआइ), जांच, प्रयोगशाला निगरानी, बेड, क्रिटिकल केयर, आक्सीजन सपोर्टेड बेड, वेंटिलेटर और जरूरी दवाओं की उपलब्धता की समीक्षा की गई थी।

एनसीआर के शहरों में भी बढ़े मामले

एनसीआर में भी संक्रमण के मामले लगातार सामने आने के बाद निगरानी बढ़ा दी गई है। नोएडा में मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग को स्वाइन फ्लू के 106 नए मरीज मिले हैं। इससे जिले में कुल मरीजों की संख्या 120 हो गई है। सीएमओ डा. मदन मोहन मणि त्रिपाठी ने बताया कि सभी अस्पतालों में स्पेशल वार्ड बनाकर मरीजों की निगरानी की जा रही है। आनलाइन मेडिसिन विभाग की डा. आद्या सिंह ने बताया कि वायरल संक्रमण से ग्रस्त बच्चे, बुजुर्ग और पहले से बीमार लोगों की ओपीडी में संख्या बढ़ रही है। दो-तीन दिन से ज्यादा बुखार, सांस लेने में तकलीफ या शरीर में दर्द की शिकायत की संख्या बढ़ी है। डाक्टर की सलाह के बिना एंटीबायोटिक दवाएं लेकर न खाने की सलाह दी जा रही है। वहीं, गाजियाबाद में अब तक नौ मामले मिले हैं। इनमें अप्रैल से 16 अगस्त के बीच मिले दो मरीज हल्के संक्रमण वाले थे। 16 अगस्त के बाद सात नए मामले मिले हैं, जिनमें तीन अस्पताल में भर्ती हैं। फरीदाबाद में अब तक स्वाइन फ्लू के चार मामले सामने आए हैं।

एच1एन1 के मामलों में वृद्धि मौसमी इन्फ्लुएंजा का सामान्य हिस्सा

नई दिल्ली, प्रेट्रः भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आइसीएमआर) के महानिदेशक डा. राजीव बहल ने मंगलवार को बताया कि भारत में एच1एन1 संक्रमण के मामलों में वृद्धि मौसमी इन्फ्लुएंजा के सामान्य चलन का हिस्सा है और वायरस के किसी नए स्वरूप की पहचान नहीं हुई है। लोगों को घबराने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि अधिकांश मरीज बिना विशेष उपचार के ठीक हो जाते हैं।

डा. बहल ने बताया कि वर्तमान में फैल रहा वायरस इन्फ्लुएंजा ए (एच1एन1) पीडीएम09 का वही जाना-पहचाना स्वरूप है जो 2009 की महामारी के समय से मौजूद है। उन्होंने कहा कि एच1एन1 अब मौसमी फ्लू का रूप ले चुका है और इसके अधिकतर संक्रमण गंभीर नहीं होते। उन्होंने स्पष्ट किया कि खांसी-जुकाम के लक्षण अक्सर इन्फ्लुएंजा वायरस के कारण होते हैं। एच1एन1 को पहले 'स्वाइन फ्लू' कहा जाता था, लेकिन अब यह हर साल फैलने वाला मौसमी इन्फ्लुएंजा वायरस बन चुका है। बहल ने प्रभावित लोगों को पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ लेने, पौष्टिक भोजन करने और पर्याप्त आराम करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को दूसरों के निकट संपर्क में आने से बचना चाहिए, खांसते या छींकते समय मुंह एवं नाक को ढकना चाहिए।

खुद को हाइड्रेट रखें : एक्सपर्ट

इन्फ्लुएन्ज़ा के बढ़ते मामलों के बीच स्वाइन फ्लू को लेकर लोगों की चिंता बढ़ी है। इसके लक्षणों, जांच, बचाव, वैक्सीन और इलाज से जुड़े कई सवाल पाठकों ने पूछे। इन सभी सवालों के जवाब डॉ. अक्षय बुधराजा, पल्मोनोलॉजिस्ट, आकाश हेल्थकेयर ने दिए।

‘फ्लू में बुखार उतरकर फिर चढ़े तो न करें नज़रअंदाज़’

Expert

-डॉ. अक्षय बुधराजा

आपके मन में स्वाइन फ्लू से जुड़ा कोई सवाल है तो...

9220747220

पर हमें वॉट्सऐप करें। सवाल के शुरू में **SWINEFLU** लिखें। हम एक्सपर्ट के जरिए आप तक जवाब पहुंचाएंगे।

H1N1 संक्रमण का पता लगाने के लिए कौन-सा टेस्ट करना चाहिए? - शोभिका

इसके लिए गले और नाक से स्वैब निकालकर जांच की जाती है। इसके अलावा बलगम की जांच होती है। ब्रोंकोस्कोपी से भी जांच की जाती है।

स्वाइन फ्लू में बुखार और खांसी सामान्य तौर पर कितने दिन तक रह सकती है? अगर कुछ दिनों बाद लक्षण कम होने के बजाय बढ़ने लगें तो यह खतरे का संकेत हो सकता है? - राजवीर

फ्लू में फीवर 3 से 5 दिनों तक रहता है। कभी-कभी 6 से 7 दिन भी जा सकता है। खांसी एक से दो हफ्ते रह सकती है, पर कुछ लोगों में 6 हफ्ते तक जा सकती है। लेकिन अगर फीवर कम होने और खांसी खत्म होने के बाद दोबारा फीवर और खांसी होने लगे, बलगम में खून आ जाए, ब्लड प्रेशर कम या ज्यादा होने लगे, सीने में दर्द हो या ऑक्सिजन लेवल कम होने लगे तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं। ऐसे में अपने मन से इलाज न करें, कोई भी दवा अपनी मर्जी से न लें।

AI Image

बुजुर्गों और बच्चों के लिए इस संक्रमण को जानलेवा बताया जाता है। उनमें शुरुआती लक्षण किस तरह पहचानें? - NBT रीडर

बुजुर्गों में फीवर तेज होने के बजाय हल्का होता है। वे बहकी-बहकी बातें करें, कमजोरी महसूस करें या उन्हें अस्थमा, हार्ट, किडनी, डायबिटीज जैसी बीमारी हो तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं। वहीं, छोटा बच्चा दूध पीना बंद कर देता है, खाना नहीं खाता है, तेज सांस चलने लगती है, यूरिन कम आता है, रोने पर आंसू नहीं निकलते तो समझ लें कि फ्लू हो सकता है।

किन लोगों को फ्लू वैक्सीन लगवाने पर विशेष रूप से विचार करना चाहिए? - NBT रीडर

वैक्सीन कारगर है, लेकिन 100% नहीं। इसका फायदा यह है कि वैक्सीनेशन के बाद संक्रमित होने की संभावना कम हो जाती है, बीमारी गंभीर नहीं होने देती है और बीमारी हो जाए तो मौत के खतरे को कम करती है। 60 साल से ऊपर के सभी लोगों, छह महीने से 5 साल तक के बच्चों, अस्थमा, हार्ट, किडनी, लिवर, डायबिटीज के मरीजों और प्रेग्नेंट महिलाओं को वैक्सीन लेना चाहिए। वैक्सीन का प्रोटेक्शन 15 दिनों के बाद आता है और यह प्रोटेक्शन छह महीने से एक साल तक रहता है। इसलिए अगले साल फिर वैक्सीन जरूरी हो जाता है। मॉनसून में वैक्सीन लेना बेहतर विकल्प है।

स्वाइन फ्लू के दौरान इम्युनिटी और रिकवरी के लिए क्या खाना फायदेमंद है? - प्रवीण

किसी भी प्रकार के संक्रमण की स्थिति में डिहाइड्रेशन का खतरा ज्यादा रहता है, इसलिए पर्याप्त पानी पीएं। चाहें ओआरएस लें, नींबू पानी, नारियल पानी या छाछ लें। हल्की खुराक में खिचड़ी, दलिया, दाल, सूप, पनीर, अंडा ले सकते हैं, लेकिन तला-भुना खाने से बचें।

क्या स्वाइन फ्लू से बचाव के लिए वैक्सीन उपलब्ध है? - NBT रीडर

हां। फ्लू वैक्सीन है। लेकिन हर साल इसका अलग वैक्सीन होता है। इसलिए हर साल वैक्सीनेशन कराना चाहिए।

अगर तेज बुखार, सांस लेने में तकलीफ या लगातार खांसी हो तो क्या तुरंत अस्पताल जाना चाहिए? - NBT रीडर

हां। अस्पताल में जाना चाहिए, क्योंकि सांस की तकलीफ होने पर कई बार ऑक्सिजन सपोर्ट की भी जरूरत पड़ती है, जो अस्पताल में ही बेहतर संभव होता है।

फ्लू से बचने के लिए क्या सावधानियां बरतें? - रेणुका गुप्ता

भीड़भाड़ में जाने से बचें। मास्क का इस्तेमाल करें। हैंड हाइजीन रखें और संक्रमण होने पर आइसोलेट रहें, ताकि परिवार में बाकी लोगों को संक्रमण न हो। अक्सर किसी एक के संक्रमित होने पर पूरा परिवार इसकी चपेट में आ जाता है।

डेंगू और स्वाइन फ्लू में क्या अंतर है? - मोहित

दोनों में फीवर होता है, लेकिन स्वाइन फ्लू में खांसी, सर्दी, जुकाम, गला खराब की समस्या ज्यादा होती है। किसी-किसी को सांस लेने में भी दिक्कत होती है। डेंगू में हाई ग्रेड फीवर, तेज सिरदर्द और शरीर में लाल दाने होते हैं।